न्यायालय अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट, दौसा

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
	सरकार जरिये पुलिस अधीक्षक दौसा बनाम राजेन्द्र सोलंकी पुत्र श्री कन्हैयालाल जाति दर्जी किस्म मुकदमा : इस्तगासा अन्तर्गत गुण्डा एक्ट मु0नं0 10/2019	
25.10.2024	पत्रावली पेश हुई। लोक अभियोजक उपस्थित। गैर सायल उपस्थित नहीं हुआ। गैर सायल द्वारा पूर्व में जवाब प्रार्थना पत्र पेश किया जा चुका है। थानाधिकारी पुलिस थाना बांदीकुई जिला दौसा के पत्र क्रमांक 8129 दिनांक 25.10.2024 से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार गैर सायल राजेन्द्र सोलंकी पुत्र कन्हैयालाल जाति दर्जी के विरूद्ध वर्ष 2014 के बाद कोई प्रकरण दर्ज नहीं होना पाया गया है। गैर सायल द्वारा जवाब प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर गैर सायल प्रार्थी किसी प्रकार की आपराधिक गतिविधि मे लिप्त नहीं होना तथा गैर सायल प्रार्थी पेन्टिंग व लिखायी कार्य के द्वारा अपना जीवनयापन करना व्यक्त किया गया है। पत्रावली का अवलोकन किया। लोक अभियोजक की बहस, थानाधिकारी पुलिस थाना बांदीकुई से प्राप्त रिपोर्ट एवं गैर सायल द्वारा प्रस्तुत जवाब प्रार्थना पत्र पर मनन किया। थानाधिकारी पुलिस थाना बांदीकुई से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार गैर सायल के विरूद्ध वर्ष 2014 के बाद कोई प्रकरण दर्ज नहीं होना पाया गया है एवं गैर सायल प्रार्थी द्वारा जवाब प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर पेन्टिंग एवं लिखायी का कार्य कर अपना जीवनयापन करना व्यक्त किया गया है। गैर सायल के विरूद्ध वर्ष 2014 के बाद कोई प्रकरण दर्ज नहीं होना से गैर सायल की वर्तमान गतिविधियों को मध्यनजर रखते हुये गैर सायल के विरूद्ध राजस्थान गुण्डा नियन्त्रण अधिनियम 1975 के अन्तर्गत कार्यवाही किये जाने का औचित्य नहीं है। अतः गैर सायल राजेन्द्र सोलंकी पुत्र कन्हैयालाल जाति दर्जी निवासी वार्ड नम्बर 15 बांदीकुई जिला दौसा के विरूद्ध जिला पुलिस अधीक्षक दौसा द्वारा प्रस्तुत किया गया इस्तगासा अन्तर्गत राजस्थान गुण्डा नियन्त्रण अधिनियम खारिज किया जाता है। जिला पुलिस अधीक्षक दौसा को निर्णय की प्रति भिजवाई जावे। पत्रावली फैसल शुमार की जाकर नम्बर से कम हो एवं बाद पूर्ति प्रविष्ठ लेख भण्डार की जावे। निर्णय आज दिनांक 25.10.2024 को मेरे द्वारा खुले न्यायालय में सुनाया गया। (सुमित्रा पारीक) अति. जिला मजिस्ट्रेट ,दौसा	

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

Signature Not Verified

Digitally signed by Sumitra Pareek
Date: 2024.12.19 16:49:42 IST
Reason: SelfAttested